C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 245 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - शनिवार, 28 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## दिल दहला देने वाली वारदातः पिता ने 13 वर्षीय बेटे की हत्या कर खुद दी जान

### सुसाइड से पहले बनाए दो वीडियो, ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप; एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / सवाईपुर**

**( भेरू चौधरी/ सांवर वैष्णव)** सवाईपुर क्षेत्र के बड़ला जाटों का गांव में शुक्रवार अलसुबह एक खौफनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। यहां एक पिता ने अपने ही 13 वर्षीय मासूम बेटे की घास काटने की दातली से गला काटकर हत्या कर दी और इसके बाद स्वयं विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, बड़लियास थाना पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार राधेश्याम पिता रामेश्वर वैष्णव ने अपने पुत्र वंश (13) की हत्या कर विषाक्त पदार्थ खा लिया। नोहरे में बने कमरे में चारपाई पर वंश का शव मिला। परिजनों ने घायल राधेश्याम को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने वंश की हत्या के मामले में आरोपी पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है, जबकि राधेश्याम की मृत्यु को लेकर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दोनों शवों का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया।

### मां के साथ ननिहाल गया था, परीक्षा देने आया था गांव

पुलिस जांच में सामने आया कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था। राधेश्याम की पत्नी बच्चों के साथ दो माह पूर्व अपने पीहर गटियावली (चित्तौड़) चली गई थी। वंश आठवीं कक्षा का छात्र था और बोर्ड परीक्षा के चलते 19 फरवरी को बड़े भाई के साथ गांव आया था। घटना के समय घर में पिता-पुत्र ही मौजूद थे।

### मौत से पहले वायरल किए दो वीडियो

घटना से पूर्व राधेश्याम ने दो वीडियो बनाकर शुक्रवार तड़के करीब चार बजे गांव के एक ग्रुप में साझा किए। एक वीडियो में उसने कुछ लोगों को पैसे लौटाने की बात कही और उन्हें निर्दोष बताया।

दूसरे वीडियो में पत्नी, पुत्र-पुत्री व ससुराल पक्ष के कई लोगों पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए और सख्त कार्रवाई की मांग की।

वीडियो देखने के बाद परिजन घर पहुंचे। मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। दीवार फांदकर अंदर पहुंचने पर कमरे में वंश लहूलुहान मिला, जबकि राधेश्याम की हालत गंभीर थी।

### एक ही चिता पर पिता-पुत्र का अंतिम संस्कार

पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। पिता-पुत्र की शवयात्रा एक साथ निकली और एक ही चिता पर अंतिम संस्कार किया गया। यह दृश्य देख ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं।

### गांव में सन्नाटा, हर जुबान पर एक सवाल

इस हृदयविदारक घटना के बाद बड़ला गांव में सन्नाटा पसरा है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां बनीं कि एक पिता ने अपने मासूम बेटे की जान ले ली और खुद भी जीवन समाप्त कर लिया।

पुलिस वायरल वीडियो को आधार बनाकर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, युवक की मौत

### जोजवा श्याम गौशाला के पास हादसा, एक गंभीर घायल



मृतक - उदय सिंह



घायल दीपक सिंह

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

श्री जोजवा श्याम गौशाला के पास शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर बीगोद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सामुदायिक चिकित्सालय बीगोद की मोर्चरी में रखवाया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि सुबह फैक्ट्री जा रहे बाइक सवारों की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई। हादसे में जोजवा निवासी उदय सिंह (27) पुत्र शिव सिंह कानावत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दीपक (22) पुत्र गोपाल सिंह निवासी जोजवा गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने वाहन को डिटेन कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच जारी है।


## जहाजपुर अब 'यज्ञपुर : विधानसभा में सीएम की घोषणा, भीलवाड़ा को 20 नई टाउन प्लानिंग योजनाओं की सौगात

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**गजानंद जोशी।** सदियों पुरानी आस्था, इतिहास और सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा जहाजपुर अब नई पहचान के साथ जाना जाएगा। विधानसभा में बजट बहस के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की कि भीलवाड़ा जिले का ऐतिहासिक कस्बा जहाजपुर अब 'यज्ञपुर' नाम से जाना जाएगा। इस घोषणा के साथ ही जिले को अगले वर्ष 20 नई टाउन प्लानिंग योजनाओं की सौगात देने का भी ऐलान किया गया।

लोकमान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में राजा जनमेजय ने यहां नागयज्ञ किया था। इसी ऐतिहासिक संदर्भ के चलते इस क्षेत्र को प्राचीनकाल में 'यज्ञपुर' कहा जाता था। नाम परिवर्तन को उसी सांस्कृतिक विरासत से पुनः जोड़ने के रूप में देखा जा रहा है।

जहाजपुर का ऐतिहासिक दुर्ग मौर्य सम्राट अशोक के पौत्र सम्प्रति द्वारा निर्मित माना जाता है। जैन धर्म के अनुयायी सम्प्रति के समय यह क्षेत्र महत्वपूर्ण रहा। यह किला मेवाड़ और हाड़ौती की सीमा पर स्थित



होकर एक प्रमुख गिरिद्वार के रूप में कार्य करता था, जो बूंदी और मेवाड़ की सुरक्षा का प्रहरी था। बाद में मेवाड़ के शासक राणा कुंभा ने इसका पुनर्निर्माण कर इसे और सुदृढ़ कराया।

यज्ञपुर पूर्व नाम जहाजपुर अपने प्राचीन मंदिर समूह 'बड़ा देवरा', ऐतिहासिक किले, गैबीपीर की मस्जिद, नागदी नदी और समीप स्थित घटारानी माताजी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। स्वस्तिधाम में विराजित मुनि सुव्रतनाथ की प्रतिमा भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है।

## त्योहारों से पहले बिजोलिया में सुरक्षा की सख्त रणनीति

### ट्रैफिक, सीसीटीवी और वेरिफिकेशन पर पुलिस का फोकस

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** होली, फुलडोल महोत्सव और रंग तेरस को लेकर थाना परिसर में आयोजित सीएलजी बैठक में कानून-व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक सुधार और निगरानी तंत्र तक विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाधिकारी सीआई स्वागत पांड्या ने की।

त्योहारों के दौरान चोराहो और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और गश्त बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शहर में तेज रफ्तार और मॉडिफाइड वाहनों के बढ़ते चलन पर चिंता जताई गई। विशेष रूप से तेजाजी चौक से बूंदी रोड तक बेतरतीब पार्किंग और अव्यवस्थित



यातायात पर कार्रवाई का निर्णय हुआ। नगर पालिका को ट्रैफिक लाइनिंग करवाने के निर्देश दिए गए हैं। पहले तीन दिन वाहन चालकों को समझाइश दी जाएगी, इसके बाद नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

मुख्य चौराहों पर हाई-रिज़ॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना भी बनी। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाएगी, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत नजर रखी जा सके। थानाधिकारी पांड्या ने किराएदारों का अनिवार्य पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा, रमेश गुरुजी, शक्ति नारायण शर्मा, वेद प्रकाश तिवारी, महेंद्र शक्तावत, इमरान हुसैन, असलम खोकर, देवेन्द्र लखारा, शिव चंद्रवाल, तुलसी रिजवानी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बजट घोषणाओं की समीक्षा, समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

### संपर्क पोर्टल व 181 हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें - कलेक्टर



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर वर्ष 2026-27 की बजट घोषणाओं की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। साथ ही वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की घोषणाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल एवं 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस विषय को लेकर गंभीर हैं, अतः सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं करें और अनावश्यक विलंब से बचें। बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक विभाग लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करे।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रतिभा देवटिया, डीएफओ मारिया शाइन, नगर विकास न्यास ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पपलाज रोड पर अधेड़ महिला से लूट, कान के सोने के टोप्स छीने

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारिक ।** कस्बे के पपलाज रोड पर जेतपुरा मार्ग के पास शुक्रवार शाम को खेत से गाय लेकर घर लौट रही एक अधेड़ महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया।

परिजनों के अनुसार जेतपुरा मोड़ के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने 55 वर्षीय कमला देवी अहीर के साथ छीना-झपटी की। बदमाश महिला के कानों में पहने सोने के टोप्स छीनकर फरार हो गए। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई और छीना-झपटी के दौरान उसके मुंह व हाथ पर खरोंचें भी आईं।

घटना के बाद महिला किसी तरह पपलाज चौराहे पर पहुंची और ग्रामीणों को आपबीती बताई। सूचना मिलते ही कोटड़ी थाना अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।



C M Y K

# राष्ट्र सेविका समिति का होली स्नेह मिलन, देवनारायण मंदिर में गूंजे फाग गीत



**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**

कस्बे में राष्ट्र सेविका समिति की सेविकाओं द्वारा महुआ खंड में होली स्नेह मिलन एवं फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सनातन धर्म की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कस्बे के नवनिर्मित देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को रंग, गुलाल, फूलमाला व प्रसाद अर्पित किया गया। इसके पश्चात भारत माता का पूजन कर पुष्प व गुलाल अर्पित किए गए, जिससे महिलाओं में राष्ट्रप्रेम का भाव जागृत हुआ।

फाग उत्सव के दौरान महिलाओं ने होली के पारंपरिक गीत गाए और भजनों पर नृत्य किया। तरुणी बहनों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं तथा होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला।

# बिजौलियां में भक्ति की गूंज: मुनि योग सागर महाराज का मंगल आगमन, चार दिवसीय प्रवास संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ से पदविहार करते हुए मुनि योग सागर महाराज अपने संघ सहित जब नगर की सीमा में पहुंचे तो वातावरण जयघोष और भक्ति से गुंजायमान हो उठा। श्रावक-श्राविकाओं ने भावभीनी अगवानी कर गुरु संघ का स्वागत किया।सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर में दर्शन के पश्चात मुनि संघ बीस पंथी बड़ा जैन मंदिर पहुंचा, जहां वेदियों के दर्शन कर मंदिर की व्यवस्था और श्रद्धाभाव की सराहना की गई। सभागार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अर्घ्य समर्पित किए गए।



प्रवचन में मुनि योग सागर महाराज ने कहा कि भगवान के दर्शन और पूजन में कभी संशय नहीं होना चाहिए। सच्ची श्रद्धा ही आत्मकल्याण का द्वार खोलती है। उन्होंने संकेत दिया कि दिखावे की भक्ति क्षणिक होती है, जबकि निष्कपट भाव ही साधना को सार्थक बनाता है। राजस्थान के भव्य मंदिरों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड जैसी सरल और निष्कलुष भक्ति दुर्लभ है, यही कारण है कि आचार्य विद्यासागर महाराज ने साधना भूमि के रूप में बुंदेलखंड को चुना। इससे पूर्व मुनि निर्भीक सागर महाराज ने भी श्रावकों को नित्य देवदर्शन, पूजा और प्रक्षालन की प्रेरणा देते हुए कहा कि श्रेष्ठ श्रावक ही संत परंपरा की गरिमा को बनाए रखते हैं।

मुनि संघ को आहार कराने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। बड़ा जैन मंदिर से उण्डेश्वर मंदिर तक मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालु परिवार भावपूर्वक खड़े दिखाई दिए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

चार दिवसीय प्रवास के बाद मुनि योग सागर महाराज ने संघ सहित महुआ की ओर पदविहार किया। रात्रि विश्राम सीता का कुंड में हुआ। विहार के दौरान अनेक श्रावक श्रद्धा के साथ संघ के साथ चलते रहे।

# नर्सेज को जॉब चार्ट अनुसार ही कार्य मिले, भंडार का दायित्व फार्मासिस्ट को दिया जाए

## राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन की जिला शाखा ने नर्सेज अधिकारियों की लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने मांग की है कि नर्सेज को उनके निर्धारित कार्य-चार्ट जॉब चार्ट के अनुरूप ही कार्य आवंटित किए जाएं।

जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने बताया कि वर्तमान में नर्सेज से अन्य विभागों के कार्य भी कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता और रोगी सेवा प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि औषधि भंडार संचालन राज्य सरकार के नियमानुसार फार्मासिस्ट के कार्यक्षेत्र में आता है, अतः नर्सेज को भंडार कार्य से मुक्त कर यह जिम्मेदारी फार्मासिस्ट को सौंपी जाए।



एसोसिएशन ने यह भी मांग की कि जिले के चिकित्सा संस्थानों में साप्ताहिक अवकाश (डे-ऑफ) को लेकर उत्पन्न विवाद को समाप्त करने के लिए पूरे कैलेंडर वर्ष की अवकाश समय-सारणी पूर्व निर्धारित की जाए।

ज्ञापन देते समय कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयंत गोस्वामी, गोविंद सिंह राणावत, अनुराधा ओझा, बलवीर गुर्जर, प्रवीण बानो, ताराचंद बैरवा, कमल किशोर गोदा सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद की अनूठी पहल

## 500 सीमेंट पानी की टंकियां व गौ पात्र होंगे निःशुल्क वितरित



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

गौ सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद द्वारा जीव दया अभियान के अंतर्गत 500 सीमेंट की पानी की टंकियों एवं गौ पात्रों के निःशुल्क वितरण का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बैठक अजमेर रोड स्थित कोठारी निवास पर आयोजित हुई, जिसमें नेहा चोरड़िया को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब एवं संरक्षक हेमंत कोठारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में गौवंश के लिए स्वच्छ जल व आहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करना है। जिला मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी एवं संयोजक अनुराग बाबेल ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए इस पहल को आवश्यक बताया।

संयोजक नेहा चोरड़िया ने कहा कि गौ संरक्षण भारतीय संस्कृति व पर्यावरण संतुलन से जुड़ा विषय है। बैठक में ललित आंचलिया, सुनील बालर, ललित बोहरा, सीए नवजोत सिंह, अभिषेक पोखरना, शुभम अजमेरा, ललित लोढ़ा, अंकित सोमानी, कुसुम श्रीमाल , रजनी बापना, सुनीता गांधी, कमल वैशनानी, अर्पित नंदावत, ज्ञानचंद पगारिया, सीए बलबीर डागलिया, रतन देसरडा, पवन कुमार राठी, प्रतीक बाफना, दिनेश खरवड़, आनंद लोढ़ा, विपिन जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 501 निशानों से गूंजा भीलवाड़ा, छप्पन भोग व भजन संध्या में उमड़ी श्रद्धा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

फाल्गुन महोत्सव पर शहर भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। 501 पावन निशानों के साथ निकली भव्य निशान यात्रा ने 'जय श्री श्याम' के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर दिया। लक्ष्मी नारायण मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ यात्रा प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए काशीपुरी धाम पहुंची, जहां पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। दोपहर में बाबा को आकर्षक छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसकी झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। सायंकाल भव्य भजन संध्या में चंडीगढ़ के मोनू दुबे और भोपाल के पंकज पांचाल ने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में झूमते रहे।



समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने इसे श्याम भक्तों की एकता और समर्पण का प्रतीक बताया। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने 501 निशानों की ऐतिहासिक उपस्थिति को आयोजन की विशेष उपलब्धि बताया।

# खेत की रखवाली के दौरान कुएं में गिरने से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आसींद थाना क्षेत्र में खेत पर रखवाली करने गए एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार कटार निवासी भेरूलाल कीर (47) गुरुवार शाम गेहूं की फसल की रखवाली के लिए खेत गए थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान खेत स्थित कुएं में उनका शव पानी में तैरता मिला। ग्रामीणों की सहायता से शव बाहर निकाला गया।



पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर पोस्टमार्टम करवा दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# जिला अभिभाषक संस्था की एनवायरनमेंट कमेटी में नरेंद्र सिंह राठौड़ सदस्य नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला अभिभाषक संस्था ने न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एनवायरनमेंट एंड कोर्ट अवेयरनेस कमेटी' का गठन किया है। समिति में एडवोकेट नरेंद्र सिंह राठौड़ को सदस्य मनोनीत किया गया है।



संस्था अध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़ ने बताया कि समिति नियमित वृक्षारोपण, स्वच्छता निरीक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी एवं सह सचिव आदित्य सिंह चौहान द्वारा अधिवक्ता सुरेश व्यास, रामेश्वर लाल जाट, विशाल गौतम, महावीर प्रसाद जांगिड़, हसन खान और बीनू कुमारी टांक को भी सदस्य बनाया गया है।

एडवोकेट नरेंद्र सिंह राठौड़ ने मनोनयन पर आभार जताते हुए न्यायालय परिसर को स्वच्छ और हरित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

# मिलावटखोरों पर शिकंजा : शाहपुरा-जहाजपुर में छापे, 1600 किलो केसरबाटी सीज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

होली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को शाहपुरा और जहाजपुर क्षेत्र में छापेमारी की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में शाहपुरा स्थित मेसर्स विनायक बीकानेरी रसगुल्ला फैक्ट्री पर कार्रवाई करते हुए केसरबाटी के नमूने लिए गए। गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर करीब 100 टिनों में भरी लगभग 1600 किलो केसरबाटी को जांच रिपोर्ट आने तक सीज कर दिया गया।



वहीं जहाजपुर क्षेत्र में मेसर्स मालवा मिष्ठान भंडार (पंडेर) से बर्फी तथा मेसर्स श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए।

सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि सभी नमूने अजमेर लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

चारा लेने गए एक अधेड़ की करंट लगने से मौत हो गई। मामला सदर थाना क्षेत्र के सुवाणा गांव में शुक्रवार सुबह खेत का है , हादसे के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार सुवाणा निवासी रतनलाल (50) पुत्र रामचंद्र नायक पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गए थे। इसी दौरान वे खेत से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के संपर्क में आ गए। तेज करंट से वे गंभीर रूप से झुलसकर मौके पर ही अचेत हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच जारी है।



# पीएम मोदी की अजमेर आम सभा में आज भीलवाड़ा से पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता और लाभार्थी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में आयोजित विशाल आमसभा में आज जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिले के हजारों भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में जिले के लाभार्थी भी इस आमसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिले से जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिला प्रमुख सहित कई जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में सातों विधानसभाओं और समस्त 39 मंडलों में शक्तिकेंद्र एवं बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हजारों की संख्या में बसों और चौपहिया वाहनों के माध्यम से अजमेर पहुंचकर पीएम मोदी की ऐतिहासिक आमसभा में सम्मिलित होंगे।



QUICK BITES

## बिजौलियां पंचायत समिति का प्लास्टिक मुक्त अभियान शुरू, ग्रामों में जुर्माने के साथ जागरूकता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।




**नरेश धाकड़ ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंचायत समिति बिजौलियां क्षेत्र में ग्रामों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का नेतृत्व विकास अधिकारी अशेष शर्मा एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर बैरवा ने किया।

अभियान के तहत ग्राम पंचायत आरोली, सलावटिया, कास्या और तिलस्वां में व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए दुकानदारों एवं आमजन पर नियमानुसार 19 हज़ार 200 रुपए जुर्माना भी लगाया गया तथा इसके स्थान पर कपड़े की थैलियों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

पंचायत समिति प्रशासन ने ग्राम पंचायतों को 'वेस्ट टू आर्ट' अभियान के अंतर्गत पुराने प्लास्टिक कचरे से कलात्मक संरचनाएं तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि प्लास्टिक कचरे का पुनः उपयोग कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

## शिक्षा को सहाराः 'उड़ान' कार्यक्रम के तहत निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरण शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवारी।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु 'उड़ान' कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, उप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह महावर ने संयुक्त रूप से किया।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि 'उड़ान' कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 200 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक पुस्तकों एवं अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे।

क्लब ने अभिभावकों से अपील की है कि जिनके पास बच्चों की पुरानी पाठ्य सामग्री उपलब्ध है, वे उसे उपहार स्वरूप दान कर सकते हैं। वहीं, जिन विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री की आवश्यकता है, वे भी क्लब सदस्यों से संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं।

इस अवसर पर क्लब के महावीर सेन, जगदीश बिल्लू, राजेश पाराशर, बलवंत जैन, किशन शर्मा, सुनील खटीक, मुकेश सेन, संदीप कोली, एडवोकेट नरेश सिंह तंवर एवं गौरव शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# फोकस इम्पैक्टः रोडवेज बस स्टैंड पर खुला गड्ढा भरने का कार्य शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड परिसर में कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के दौरान छोड़ा गया वाटर हार्वेस्टिंग का खुला गड्ढा आखिरकार भीलवाड़ा फोकस की खबर के बाद भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लगभग एक माह से खुला पड़ा यह गड्ढा लगातार हादसों का कारण बन रहा था।

**बिना बैरिकेडिंग छोड़ा गया था गहरा गड्ढा**

बस स्टैंड परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य के बीच वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए गहरा गड्ढा खोदा गया था, लेकिन उसे बिना बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड के खुला छोड़ दिया गया। सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण आमजन के लिए यह स्थान खतरे का कारण बन गया था।



**दो दिन में दो वाहन गिरे, टला बड़ा हादसा**

मंगलवार और बुधवार को लगातार दो दिनों में दो वाहन इस गड्ढे में गिर गए। हालांकि इन घटनाओं में जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहनों को नुकसान पहुंचा। रात के समय प्रकाश की कमी के कारण दुर्घटना की आशंका और अधिक बढ़ गई थी।

**खबर के बाद प्रशासन हरकत में**

इस गंभीर लापरवाही को भीलवाड़ा फोकस द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद नगर पालिका हरकत में आई। अब संबंधित स्थल पर निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है और गड्ढे को सुरक्षित रूप से भरने की प्रक्रिया जारी है।


रोडवेज बस स्टैंड पर खुला गड्ढा बना हादसों का कारण
इंटरलॉकिंग कार्य के बीच बिना बैरिकेडिंग छोड़ा वाटर हार्वेस्टिंग गड्ढा; दो दिन में दो वाहन गिरे
भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।
नगर पालिका द्वारा रोडवेज बस स्टैंड पर कराए जा रहे इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही सामने आई है। वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के लिए खोदा गया हिस्सा पिछले एक माह से खुला पड़ा है, जो अब हादसों का कारण बन रहा है।
बस स्टैंड परिसर में अधूरा निर्माण कार्य होने से सड़क किनारे बड़ा गड्ढा बन गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पालिका ने न तो वहां कोई चेतावनी बोर्ड लगाया है और न ही बैरिकेडिंग की व्यवस्था की है। इससे यात्रियों और वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है।
मंगलवार और बुधवार को लगातार दो दिनों में दो वाहन इस गड्ढे में गिर चुके हैं। हालांकि दोनों घटनाओं में जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय प्रकाश की कमी के कारण गड्ढा स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।
स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका से शीघ्र बैरिकेडिंग कराने और परिसर में छोड़े गए हिस्से के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

स्थानीय नागरिकों ने पुन : कार्य शुरू करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते मुद्दा नहीं उठाया जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। नागरिकों ने मांग की है कि भविष्य में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और ऐसे स्थानों पर अनिवार्य रूप से बैरिकेडिंग व चेतावनी संकेत लगाए जाएं।

# श्मशान भूमि पर टकराव से थमी चिता, तीन घंटे तक इंतज़ार... फिर प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

भीमपुरा गांव में शुक्रवार का दिन गहरे शोक के बीच अचानक तनाव में बदल गया। गांव की धापू देवी गुर्जर के निधन के बाद परिजन जब अंतिम संस्कार के लिए गांव के परंपरागत श्मशान स्थल पहुंचे, तो वहां ऐसा विवाद खड़ा हुआ कि चिता सजने से पहले ही माहौल सुलग उठा।

जैसे ही लकड़ियां सजाई जाने लगीं, दूसरे पक्ष ने आपत्ति जता दी , दावा किया गया कि जिस जमीन पर वर्षों से दाह संस्कार होता आया है, वह उनके निजी खाते में दर्ज है। यह सुनते ही माहौल गर्म हो गया। एक ओर शोक में डूबा परिवार, दूसरी ओर जमीन के



कागजात का सवाल... और देखते ही देखते बहस ने तनाव का रूप ले लिया।स्थिति इतनी बिगड़ी कि शव करीब तीन घंटे तक मौके पर ही रखा रहा। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती गई, आवाजें ऊंची होने लगीं। गांव के बुजुर्गों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों पक्ष अपने-अपने दावे पर अड़े रहे। माहौल में बेचैनी और आक्रोश साफ झलक रहा था।

सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया। तहसीलदार रवि कुमार मीणा, नायब तहसीलदार बद्रीलाल मीणा, पटवारी और शक्करगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और अधिकारियों ने दोनों पक्षों को अलग-अलग बुलाकर लंबी वार्ता शुरू की।

करीब तीन घंटे की बातचीत, समझाइश और प्रशासनिक सख्ती के बाद आखिरकार रास्ता निकला। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि संवेदनशील स्थिति में अंतिम संस्कार को रोका नहीं जा सकता। प्रशासन की मौजूदगी में विधि-विधान से दाह संस्कार कराया गया। चिता जली तो गांव ने राहत की सांस ली।

घटना के प्रशासन ने मौके पर ही निर्देश दिए गए कि गांव में अलग से उपयुक्त भूमि चिन्हित कर श्मशान घाट का विधिवत आवंटन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी शोक की घड़ी में ऐसा विवाद फिर खड़ा न हो।

सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हेड कांस्टेबल द्वारका प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# एकादशी पर खामोर चारभुजा नाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## महिलाओं ने ठाकुर जी संग खेली होली, हलवा व पंचामृत का लगाया भोग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा


**(किशन)।** एकादशी के पावन अवसर पर खामोर स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में ठाकुर जी के संग होली खेलते हुए भक्ति-रंग का फागोत्सव धूमधाम से मनाया। मंदिर को पुष्पमालाओं व रंगोली से सजाया गया तथा ठाकुर जी का मनमोहक श्रृंगार किया गया।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने हलवा, काजू, बादाम, दाख तथा घी, दूध, दही, शहद व शक्कर से निर्मित पंचामृत का भोग अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने गुलाल चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की और एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम



व एकता का संदेश दिया।

डीजे की मधुर धुनों पर पारंपरिक फाग गीत गूंजे। आयोजन में एकता जोशी, अनीता वैष्णव, सुमन व्यास, किरण शर्मा, सीता शर्मा, कविता वैष्णव, मंजू वैष्णव, गुड्डी देवी बाल्दी,



रानी पाराशर, अंजली शर्मा, मंजू व्यास, मंजू पाराशर, लालता शर्मा, शांति पाराशर सहित कई महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# बाइक को टक्कर मार केबिन में घुसी कार, छात्र घायल

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर विस्तार में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे बने केबिन में जा घुसी, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार छात्र अपनी



बाइक से जा रहा था, तभी पीछे से आई तेज गति की कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# पीएम दौरे से पहले शक्करगढ़ में 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी, राजकॉप एप से जांच तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

अजमेर में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर शनिवार को शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में ';' श्रेणी की विशेष नाकाबंदी की गई। प्रमुख मार्गों पर पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। नाकाबंदी के दौरान राजकॉप एप के जरिए वाहनों व चालकों की जांच की गई। फोटो मिलान फीचर से संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल पहचान कर उनके खिलाफ दर्ज प्रकरण, जेल रिकॉर्ड व अन्य राज्यों के मामलों की जानकारी तुरंत प्राप्त की जा रही है। एप फेशियल रिकग्निशन तकनीक से लैस है और सीसीटीएनएस से जुड़ा होने के कारण देशभर के रिकॉर्ड तक पहुंच उपलब्ध कराता है।पुलिस के अनुसार, तकनीक के उपयोग से अपराध नियंत्रण और संदिग्धों की पहचान में मजबूती मिली है।



# 'मां वाउचर योजना' से गर्भवती महिलाओं को राहत, निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास स्थित कमल सोनोग्राफी सेंटर पर गर्भवती महिलाओं को 'मां वाउचर योजना' का लाभ दिया जा रहा है।

ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.सी. गुप्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र गर्भवती महिलाओं को उप स्वास्थ्य केंद्रों से निर्धारित तिथियों 9, 18 व 27 को सोनोग्राफी कूपन वितरित किए जा रहे हैं। इन कूपनों के आधार पर अधिकृत केंद्र पर निःशुल्क जांच करवाई जा सकती है।

कमल सोनोग्राफी सेंटर के संचालक सी.पी. टांक एवं डॉ. अंसुदरिया दर्शनकुमार ने बताया कि आसींद ब्लॉक के 33 उप स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) से प्राप्त कूपन के आधार पर केंद्र पर पूरी तरह निशुल्क सोनोग्राफी की जा रही है। इससे क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच सुविधा मिल रही है और सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल रहा है।




# मानसिक ताकत की मशाल बनी भीलवाड़ा की डॉ. आकांक्षा, 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' से हजारों महिलाओं को दिया आत्मबल


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भीलवाड़ा की जानी-मानी हीलिंग मेंटर डॉ. आकांक्षा ने यह साबित कर दिया कि असली सशक्तिकरण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से आता है। उनके 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' मॉडल ने सैकड़ों नहीं, बल्कि अब तक 1000 से अधिक लोगों की जिंदगी में उम्मीद की नई रोशनी जलाई है।

डिप्रेशन, एंग्जायटी और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए डॉ. आकांक्षा किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। वर्षों से वे विशेष सेशन्स, वर्कशॉप्स और हीलिंग प्रोग्राम्स के जरिए लोगों को भीतर से मजबूत बना रही हैं। खास बात यह है कि उनका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना है।

महिला दिवस पर उन्होंने दो टूक कहा कि 'हर महिला अपने भीतर अपार शक्ति लेकर पैदा होती है। जब वह अपने मन, शरीर और आत्मा से जुड़ती है, तो सिर्फ खुद को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बदल देती है।'



छोटे शहर में मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय पर काम करना किसी चुनौती से कम नहीं, लेकिन डॉ. आकांक्षा ने इसे अपनी ताकत बना लिया है। उन्होंने महिलाओं के लिए ऐसा सुरक्षित मंच तैयार किया है, जहां वे बिना डर अपनी पीड़ा, तनाव और उलझनों को साझा कर सकें। उनका सपना है कि आने वाले समय में 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' की यह हीलिंग पद्धति हर घर तक पहुंचे, ताकि हर महिला अपनी छुपी शक्ति को पहचाने और डर नहीं, आत्मविश्वास के साथ जीवन जिए।

डॉ. आकांक्षा का यह अभियान सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि सोच बदलने की क्रांति है।

# श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(किशन)।** महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजस्थान राज्य महिला नीति के अंतर्गत छात्राओं ने गांछा बस्ती में शैक्षिक भ्रमण कर निराश्रित परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को नजदीक से समझा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा के निर्देशन में आयोजित हुआ। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. ऋचा अंगिरा ने छात्राओं को वृद्धाश्रम, अनाथालय सहित विभिन्न सामाजिक संस्थानों की भूमिका से अवगत कराया और संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर दिया। जूबेदा बानू ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। छात्राओं ने बस्ती में संवाद कर समस्याएं जानी तथा फल-बिस्किट वितरित किए।




इसके पश्चात महाविद्यालय में 'ग्रामीण विकास एवं छात्राओं का स्वावलंबन' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। डॉ. ऋचा अंगिरा ने ग्राम पंचायत की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अनिल श्रोत्रिय ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व व भागीदारी पर विचार रखे। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. मीणा ने महिला सशक्तिकरण को राष्ट्र उन्नति का आधार बताया। अंत में नेहा जैन ने आभार व्यक्त किया।

# फोकस इम्पैक्ट : कल्याणपुरा में पाइपलाइन डालने को खुदाई शुरू

## 5 माह से बंद थी चंबल जलापूर्ति, एमडीआर निर्माण में टूटी लाइन का काम अटका था



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(किशन)।** ग्राम पंचायत खामोर के राजस्व गांव कल्याणपुरा में पांच माह से पेयजल संकट झेल रहे ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिलती दिख रही है। भीलवाड़ा फोकस में समाचार प्रकाशन के बाद विभाग हरकत में आया और चंबल जलापूर्ति लाइन शिफ्टिंग के लिए खुदाई कार्य शुरू कर दिया गया।

कंवलियास से केरोट एमडीआर सड़क निर्माण के दौरान खुदाई में चंबल की पाइपलाइन टूट गई थी। इसके बाद से जलापूर्ति ठप पड़ी थी और लाइन शिफ्टिंग का कार्य पांच माह तक लंबित रहा। ग्रामीणों को दूर-दराज के हैंडपंप, कुएं-बावड़ियों से पानी लाना पड़ रहा था तथा दूषित व बेस्वाद पानी पीने को मजबूर थे।

गर्मी से पहले ही खामोर में जल संकट गहराया, 7-8 दिन में मिल रहा पानी ' शीर्षक से समस्या प्रमुखता से उठाए जाने के बाद उच्च अधिकारियों ने संज्ञान लिया। विभागीय बैठक कर समाधान पर चर्चा हुई और दूसरे ही दिन ठेकेदार मौके पर पहुंचा। शुक्रवार को पाइप खामोर पहुंच गए तथा लाइन डालने के लिए खुदाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# 19 मार्च को शाहपुरा में ऐतिहासिक हिंदू नववर्ष उत्सव

## 11 हजार कलशों संग शाही शोभायात्रा, साध्वी सरस्वती का संबोधन व स्वाति मिश्रा की भजन संध्या



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(किशन)।** हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर 19 मार्च को नगर में भव्य आयोजन किया जाएगा। तैयारियों को लेकर आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से द्वारका प्रसाद पारीक को अध्यक्ष, हनुमान धाकड़ को संयोजक एवं जयकिशन घुसर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। आयोजन समिति के अनुसार सुबह 9 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल से 11,000 महिलाओं के कलशों के साथ विशाल शाही शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा में 108 आकर्षक झांकियां, हाथी, घोड़े व ऊंट आकर्षण का केंद्र रहेंगे। शोभायात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर छतरी, मुख्य बाजार, उदयफान गेट, कलींजरी गेट व बालाजी की छतरी मार्ग से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न होगी। दोपहर 1 बजे धर्मसभा में साध्वी सरस्वती दीदी का मुख्य संबोधन होगा। सायं 7 बजे 'राम आएंगे' फेम भजन गायिका स्वाति मिश्रा भजन संध्या में प्रस्तुति देंगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न बस्तियों में संयोजक नियुक्त कर समितियों का गठन किया गया है। आयोजन में शाहपुरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## QUICK BITES

# शहरी क्षेत्र के 8 ब्लॉक में एनएसएस सर्वे 30 अप्रैल तक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ सोनल राज कोठारी ने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं के संबंध में जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष एनएसएस सर्वे का कार्य किया जाता है। इसमे 80वें दौर के अन्तर्गत घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण विषय पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

एनएसएस सर्वे हेतु सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिको द्वारा 24 फरवरी से 30 अप्रैल के मध्य भीलवाड़ा के शहरी क्षेत्र के 8 ब्लॉक अहिंसा सर्किल केन्द्रीय विद्यालय, तिलक नगर, श्री मंशा पूर्ण बालाजी सेवा संस्थान, महादेव मंदिर के सामने पुलिस लाइन के पास, काली माता टेम्पल अरिहंत हॉस्पिटल के आगे, भोपाल गंज कलेक्ट्रेट, मदीना मस्जिद शास्त्री नगर, लेबर कोलोनी पांसल चौराहा क्षेत्रो मे सर्वे कार्य किया जायेगा। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि जब सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिक आपके पास सर्वे हेतु आएं, तो उन्हें सही एवं पूरी जानकारी दें ताकि संकलित सूचना का उपयोग राष्ट्रीय योजनाओं के निर्माण एवं नीति निर्धारण में किया जा सके।

# गुलाबपुरा में खुलेगा सिविल न्यायालय, विधायक सांखला का जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**



विधानसभा क्षेत्र को न्यायिक क्षेत्र में भी बड़ी सौगात मिली है। राज्य सरकार द्वारा गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोलने की आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

गुलाबपुरा में न्यायालय की स्थापना होने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक जब्बर सिंह सांखला का हृदय से आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया।

# विजय सिंह पथिक को भारत रत्न देने की उठी मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**



थलखुर्द गांव में क्रांतिकारी विजय सिंह पथिक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उपस्थित वक्ताओं ने बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता पथिक को भारत रत्न देने की मांग की। उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध किसानों को संगठित कर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में उनके साहित्यिक योगदान और 'राजस्थान केसरी' पत्र के माध्यम से जनजागरण की भूमिका का भी उल्लेख किया गया। बिजौलिया में उनके नाम से पैनोरमा निर्माण की मांग उठी। इस दौरान नन्दलाल गुर्जर , घीसालाल गुर्जर, सज्जन सिंह, गोपाल गुर्जर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में टॉयलेट निर्माण हेतु 7.44 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**




भीलवाड़ा डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डीएमएफटी फंड के माध्यम से स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, आसींद में दो टॉयलेट यूनिट के निर्माण हेतु 7.44 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. तुलसीराम कुमावत ने क्षेत्रीय विधायक जब्बर सिंह सांखला का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक के प्रयासों से विद्यालय में स्वच्छता सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए यह बजट आवंटित हुआ है, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। भीलवाड़ा जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा) की मांग पर आगामी गवर्निंग काउंसिल की बैठक में अनुमोदन की प्रत्याशा में यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

# गुलाल, फूल और भक्ति से सराबोर हुआ झूलेलाल मंदिर, महिलाओं ने मनाया भव्य फागोत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



**मूलचंद पेसवानी।**

नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल मंदिर गुरुवार को रंग, गुलाल और पुष्प वर्षा से सराबोर हो उठा। सिंधी समाज की झूलेलाल महिला मंडली ने मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर राधा-कृष्ण एवं भगवान झूलेलाल संग भव्य फागोत्सव मनाया।

पूज्य हेमराज मल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दादी भगवंती भगत के नेतृत्व में हुई। सपना झूरानी, कोमल चावला, सीमा भगत, रानी कलवानी, भारती भगत, सुशीला लखानी, कोमल थावानी, विद्या फुलवानी, सरिता केवलानी, रुक्मणि जेठानी, कोमल भगत, माया जेठानी, भारती भगत सहित सैकड़ों महिलाओं ने भगवान झूलेलाल को गुलाल-अबीर अर्पित कर फाग गीतों और भजनों के साथ उत्सव मनाया।

ढोलक-मंजीरों की थाप पर महिलाओं ने भक्तिमय नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पारंपरिक सिंधी व्यंजन गीयर, रोट प्रसाद की कुटी, रेवड़ी आदि का भोग लगाकर वितरण किया गया। फागोत्सव के माध्यम से समाज में प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।